Press Release / प्रसराणार्थ विज्ञप्ति

जवां भारत के असली मुद्दों पर असली लोगो से बातचीत आर. जे . निकी का "फुल ऑन निकी" रेडियो शो रेडियो मधुबन 90.4 FM पर शुरू होने जा रहा है | "फुल ऑन निकी" ये कार्यक्रम बीबीसी मिडिया (BBC Media) और यूनिसेफ (Unicef)

द्वारा बनाया गया है | ये रेडियो शो रेडियो मधुबन पर 19 जून 2017 से प्रसारित होगा | इस बारे में लोगो को जानकारी देने के लिए आज हनुमान टेकरी पिपलाज माता मंदिर खड़ात में आयोजित दूसरा दशक की आवासीय किशोरी शिविर में कार्यक्रम हुआ | जिसमे रेडियो मधुबन के सामुदायिक कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता आर.जे विनोद, कार्यक्रम संयोजक कृष्णा बहन, पत्रकारिता प्रशिक्षु भावना ने सभी को युवाओं से सम्बंधित इस कार्यक्रम के महत्त्व के बारे में बताया |
इसमें यंहा पढ़ रही बालिकाओं को बताया गया की "फुल ऑन निकी" कार्यक्रम 11 से 19 वर्ष के बच्चो के लिए है जो उम्र हर बच्चे के लिए कुछ खुलके करने की होती है | इस उम्र में बच्चो के मन में कई सवाल, कई शारीरिक बदलाव भी होते है जिस बारे में बच्चे जानते है या कई बार नहीं जानते,ये सब बाते वे खुलके किसी अपने से भी नहीं कह पाते | इस कार्यक्रम के जरिये हर बच्चे में आत्मविश्वाश और हिम्मत आएगी और आप अपनी बात खुलके बोलेंगे | इस कार्यक्रम का प्रसारण रेडियो मधुबन 90.4 FM पर सोम,मगल,बुध को शाम 5 बजे और इसका पुनः प्रसारण गुरु,शुक्र,शनि को सुबह 8;45 और शाम 7 बजे होगा |